भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3514

(सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री शिक्षुता योजना

3514. श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहानः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में उद्योगों और प्रतिष्ठित कंपनियों में युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री शिक्षुता योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य और अब तक हासिल की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान देश में और साथ ही मध्य प्रदेश में उक्त योजना के तहत चयनित युवाओं की संख्या कितनी है तथा शिक्षुता पूरी करने वाले और स्थायी या संविदा आधारित रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार मध्य प्रदेश के रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जो कि एक जनजातीय बहुल और आकांक्षी क्षेत्र है, में अधिक से अधिक युवाओं को योजना से जोड़ने और स्थानीय उद्योगों तथा प्रतिष्ठानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई विशेष अभियान चलाने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): वर्तमान में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की पायलट परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देशभर तथा मध्य प्रदेश में पीएमआईएस पायलट परियोजना के राउंड-I, राउंड-II तथा राउंड-III में कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए इंटर्नशिप अवसरों, इंटर्नशिप के प्रस्ताव प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या तथा इंटर्नशिप में सम्मिलित होने एवं इंटर्नशिप पूरा करने वाले युवाओं का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है। राउंड-III में चयन तथा इंटर्नशिप में सम्मिलित होने की प्रक्रिया जारी है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य उद्योग-संगत कौशलों का विकास करना, रोजगार के लिए तत्परता में सुधार करना तथा भारत की अग्रणी कंपनियों तथा संस्थानों में संरचित इंटर्नशिप के माध्यम से तथा व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि रोजगार के लिए तैयार एवं कुशल कार्यबल का सृजन किया जा सके। यह योजना स्थायी अथवा संविदा-आधारित रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार नहीं की गई है।

(ग) एवं (घ): कारपोरेट कार्य मंत्रालय योजना के प्रचार-प्रसार तथा कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों तथा उद्योग संघों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्यभर में, जिसमें रतलाम, झाबुआ तथा अलीराजपुर जिले भी सम्मिलित हैं, युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक लक्षित जन-जागरूकता अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया तथा संस्थागत माध्यमों से जागरूकता का प्रसार, जिला कलेक्टरों द्वारा जिला-स्तरीय निगरानी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा विशेष पंजीकरण अभियान चलाना सम्मिलित है।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) - पायलट परियोजना के 12.03.2026 को जारी संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नामित कंपनियाँ, साथ ही, क्षेत्रीय संघों के माध्यम से चयनित एमएसएमई भी पीएमआईएस पायलट परियोजना के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र हैं।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3514 के भाग (ख) का अनुलग्नक

देशभर तथा मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप परियोजना के अंतर्गत इंटर्नशिप के प्रस्ताव प्राप्त करने, इंटर्नशिप में सम्मिलित होने तथा इंटर्नशिप पूरा करने वाले युवाओं की संख्या

विवरण	**राउंड-I**		**राउंड-II* (06.08.2026 तक)**		**राउंड-III* (06.08.2026 तक)**	
	देशभर में	**मध्य प्रदेश में**	**देशभर में**	**मध्य प्रदेश में**	**देशभर में**	**मध्य प्रदेश में**
कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए इंटर्नशिप अवसर	1,27,508	5,627	1,18,948	5,220	1,54,366	3,484
इंटर्नशिप के प्रस्ताव प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या	60,866	4,917	71,192	7,856	25,794	1,127
इंटर्नशिप में सम्मिलित	8,760	696	7,300	551	14,620	663
इंटर्नशिप पूरी की	3,731	292	2,880	179	-	-

* राउंड-II तथा राउंड-III में इंटर्नशिप अभी जारी हैं। राउंड-III में अभी तक कोई भी इंटर्नशिप पूरी नहीं हुई है।

*****